कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री अखिलेश कुमार मिश्रा पुत्र स्व0 श्री मदनलाल जी मिश्रा ठेकेदार मिश्रा सदन पंचायत समिति रोड दौसा जिला दौसा पिन कोड– 303303

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा

अपील सं0 48/2019

निर्णय दिनांक : 06.11.2019

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति पत्रांकः डी0एम0/कोर्ट/आरटीआई/2019/2478 दिनांक 21.10.2019 द्वारा प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, अति0 जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा द्वारा इस कार्यालय को प्रेषित उनके पत्रांक 974 दिनांक 23.10.19 द्वारा अवगत करवाया कि अपीलांट के प्रार्थना पत्र को आरटीआई की धारा 6(3) मे लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) दौसा जिला दौसा को स्थानान्तरित किया गया। लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) दौसा जिला दौसा के इस कार्यालय को पृष्ठांकित पत्रांकःपीए/एफ–42/आरटीआई/2019/3581 दिनांक 05.11.2019 द्वारा सूचना के संबंध मे पत्रांक 3380 दिनांक 07.10.2019 द्वारा 2 रूपये प्रति पृष्ठ शुल्क जमा करवाने पर आवेदक को वांछित सूचना प्रदान की जाने हेतु निदेर्शित किया जाना अवगत करवाया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है। अतः अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

(अविचल चतुर्वेदी)
जिला कलेक्टर, दौसा

जिला कलेक्टर, दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official